कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 16/2025

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 13.01.2025

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 13.01.2025 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्नवत कार्यवाहियां की गयी है-

थाना रौनापार

वर्ष -2018 से फरार/वांछित 50 हजार रूपयें का इनामिया शातिर अपराधी प्रमोद गिरफ्तार, अवैध असलहा बनाने व बिक्री करने का करता था कार्य।

➡दिनांक 22.03.2018 को तत्कालीन निरीक्षक राजकुमार सिंह थाना रौनापार आजमगढ़ के द्वारा ग्राम देवारा करीमगंज मे अभियुक्तगण प्रमोद पुत्र मोती विश्वकर्मा साकिन मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ द्वारा अपने 07 साथियो के साथ अवैध असलहा बनाते हुए मौके से 04 अभियुक्त गिरफ्तार हुए व 02 अभियुक्त न्यायालय हाजिर हुए व अभियुक्त प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र मोती विश्वकर्मा निवासी मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ मौके से फरार हो गया अभियुक्तो के कब्जे से 10 देशी तंमचा 04 अर्धनिर्मित तमंचा व असलहा बनाने के उपकरण व सामग्री बरामद हुई।

➡अभियुक्त प्रमोद विश्वकर्मा उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु वर्ष 2022 में धारा 82/83 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी थी। कई प्रयास के बाद अभियुक्त प्रमोद विश्वकर्मा उपरोक्त अभी तक गिरफ्तार नही हो सका है। जिसके क्रम में-

➡दिनांक- 23.08.2024 को पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा वांछित अभियुक्त प्रमोद उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

➡दिनांक- 07.01.2025 को **पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ महोदय श्री सुनील कुमार सिंह** द्वारा थाना रौनापार पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 55/2018 धारा 3/5/7/12/35 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित/फरार अभियुक्त प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र मोती विश्वकर्मा निवासी मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष की गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से अभियुक्त पर 50 हजार रूपये का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था।

➡अभियुक्त प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र मोती विश्वकर्मा निवासी मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर आजमगढ़ मुकदमा पंजीकृत होने के समय 22.03.2018 से ही फरार चल रहा था।

गिरफ्तारी का विवरण –

श्रीमान् पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ के निकट पर्यवेक्षण में व **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़ हेमराज मीना** के आदेश के अनुपालन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) आजमगढ़, क्षेत्राधिकारी सगड़ी व यू0पी0 एसटीएफ लखनऊ यूनिट के द्वारा दिनांक 11.01.2025 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 50 हजार रूपयें का इनामिया अपराधी प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र मोती विश्वकर्मा निवासी मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष को मकान नम्बर 32 सूर्यांश रेजिडेन्सी के पास हलधरू रोड बगुमरा थाना पलसाना सूरत गुजरात से समय करीब 11.45 बजे गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय में पेश कर 72 घण्टे का ट्रांजिट रिमाण्ड लेकर थाना हाजा पर दाखिल कर मा0 न्यायालय आजमगढ़ भेजा जा रहा है।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 55/2018 धारा 3/5/7/12/25 आयुध अधिनियम थाना रौनापार जनपद आजमगढ़
2. मु0अ0सं0 383/2011 धारा 302/201/34/120बी भादवि थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ़।
3. मु0अ0सं0 296/2022 धारा 174ए भादवि थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

गिरफ्तार इनामिया अभियुक्त-

1-प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र मोती विश्वकर्मा निवासी मोहब्बतपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल थाना रौनापार आजमगढ़।
2. निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यूपी एसटीएफ यूनिट लखनऊ।
3. उ0नि0 चन्द्रप्रकाश मिश्रा यूपी एसटीएजफ यूनिट लखनऊ।
4. हे0का0 यशवन्त कुमार सिंह यूपी एसटीएफ यूनिट लखनऊ।
5. हे0का0 बीर प्रताप सिंह यूपी एसटीएफ यूनिट लखनऊ।
6. हे0का0 सुरेश सिंह यूपी एसटीएफ यूनिट लखनऊ।